# राजस्थान विद्युत कर्मचारी, अभियंता एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति ने एम.डी. को ज्ञापन सौंपा


संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में प्रबंध निदेशक का साफा पहनाकर और गुदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन के जिला महामंत्री आशीष पचार ने बताया कि अजमेर डिस्कॉम के एमडी एनएस निर्वाण के झुंझुनूं आगमन पर संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में प्रबंध निदेशक का साफा पहनाकर और गुदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया और ओपीएस के संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश जारी करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि बजट घोषणा में ओपीएस लागू कराने के संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। इसमें वृत स्तर से कोई स्पष्ट दिशा निर्देश जारी ना होने के कारण कर्मचारियों एवं अधिकारियों में ईपीएफ के पैसे मय ब्याज के लौटाने में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जिसके लिए ईपीएफ राशि निकलवाने के संबंध में निगम स्तर पर एक कमेटी का गठन कर ईपीएफ राशि निकलवाने तथा जीपीएफ खाते में जमा करवाने और ईपीएफ की राशि पर लगने वाले ब्याज से राहत प्रदान करने के लिए मांग की गई। सभी कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी सीपीएफ राशि निकलवाने के संबंध में अपनी सहमति पत्र देने को तैयार हैं। इसलिए इस समस्या का निस्तारण निगम स्तर पर करवाकर कर्मचारियों एवं अधिकारियों को राहत प्रदान करें। जिससे सभी कर्मचारियों को ओपीएस लाभ समय पर मिल सके।

इसके साथ राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन ने निगम में 2004 से पूर्व में कार्यरत निगम कर्मचारियों को भी आरजीएचएस का लाभ देने एवं आरजीएचएस का लाभ राज्य कर्मचारियों के भांति देने के लिए अलग से ज्ञापन सौंपा। मंत्रालयिक कर्मचारी यूनियन ने पदों के पुनर्गठन एव पदोन्नति समय से डीपीसी करके किया जाए के लिए ज्ञापन सौंपा।

एमडी निर्वाण ने सभी मांगों पर सहमति के लिए राज्य सरकार को भेजने के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर रवींद्र सैनी, आशीष पचार, राकेश कुमार, नरेंद्र धायल, सुनील ईसरवाल, अनिल रेप्सवाल, मंदीप सोनी, विक्रम कटेवा, संदीप कुमार, विकास भांबू, सज्जन सिंह, विनय चौधरी, सुरेंद्र सैनी, साइमन, उज्जवल भालोठिया, सुभाष शर्मा, शेलैष, प्रवीण, सुनिल कुमार आदि मौजूद थे।

# आंधी-तूफान और वर्षा जारी रहने से अधिकतम तापमान में गिरावट


आंधी-तूफान व वर्षा जारी रहने से भीषण गर्मी से राहत एवं अधिकतम तापमान में गिरावट के चलते आसमान में छाये काले घने बादल।

**सादुलपुर,** (निसं)। पश्चिमी विक्षोभ के कारण सादुलपुर उपखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में मौसम हर दिन परिवर्तनशील है। जिसमें कभी आंधी-तूफान तो कभी वर्षा जारी रहने से भीषण गर्मी से राहत एवं अधिकतम तापमान मे गिरावट निरंतर जारी है।

गुरुवार देर शाम गरज चमक आँधी एवं बूंदाबांदी के साथ ही शुक्रवार सुबह 11 अचानक मौसम का मिजाज बदला तथा तेज मेघ गर्जना के साथ वर्षा का दौर शुरू हुआ, जो कभी हल्की एवं कभी छिट पुट, कभी बूंदाबांदी के रूप में मौसम ने घंटों तक अपना रूप दिखाया। इस दौरान भाकरां, खैरू बडी, ढाणी खुडानी, बीराण, राघा बडी, राघा छोटी व थानमठुई आदि गाँवो में कहीं हल्की एवं कहीं छिटपुट बारिश एवं कहीं बूंदाबांदी के समाचार हैं। अंचल के चहूं और हर रोज पश्चिमी विक्षोभ से मौसम परिवर्तनशील रहने से ठंड महसूस की जा रही है। गर्मी से आमजन को राहत मिली तथा मौसम पूरे दिन ही मेघमय ठंडा रहा।

भाकरां के किसान हरिसिंह मील, बनवारी लाल मेहरा व जयसिंह मील आदि ने बताया ज्येष्ठ महीना महीना चल रहा है एवं जून भी निकट है। अगर पश्चिम विक्षोभ के कारण समय रहते अच्छी बारिश हो जाती है तो देशी बाजरा की बुवाई का उपयुक्त समय चल रहा है, बाजरे की अगेती बुवाई होने से तथा तत्पश्चात प्री-मानसून एवं मानसून की वर्षा होने से उपखंड कि रेतीली भूमि में भरपूर बाजरे की पैदावार होने की उम्मीद बंध जाती है एवं पशु चारे की समस्याओं का समाधान किसानों हर साल समस्या रही है से राहत मिलती है।

# श्री राम दरबार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य कार्यक्रम आयोजित


श्री राम दरबार एवं अन्य देवी देवताओं की मूर्तियों का विधि विधान से मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के निकटवर्ती गांव बास नानग अजाड़ी कलां में महादेव प्रसाद भोलाराम जांगिड़ सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा श्री राम दरबार एवं अन्य देवी देवताओं की मूर्तियों का विधि विधान से मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम मुख्य अतिथि पूज्य महंत पवन गुरुजी श्री रूपाणा घाम बालाजी मंदिर भीमसर थे। विशिष्ट अतिथियों में परम पूज्य श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर श्री बालमुकुंदाचार्य महाराज, पीठाधीश्वर महंत ओमनाथ झुंझुनूं, महंत बलवीरदास सीकर, पीठाधीश्वर महंत योगेंद्र नाथ देहरादून तथा महामंडलेश्वर गुरुमां मेघना ब्यावर थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान् श्री विश्वकर्माजी की पूजा अर्चना के साथ विश्वकर्मा जी की आरती से हुई। सरस्वती स्कूल बड़ागांव के छात्राओं ने बहुत ही सुंदर मां सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय प्रधान रामपाल शर्मा ने की। अन्य अतिथियों में राष्ट्रीय महामंत्री महासभा सांवरमल जांगिड, प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान संजय हर्षवाल, जयसिंह जांगड़ा, पूर्व सेशन जज आरके केशवानिया पूर्व कमीश्नर हरियाणा सरकार, डॉ. सीपी शर्मा पूर्व विशेष सचिव लखनऊ, पूर्व आरएएस ओपी जांगिड़ हरियाणा, प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम, दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष ओपी शर्मा, पार्षद ओपी शर्मा हिसार, जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष कुरड़ाराम धींवा, ओपी जांगिड़ एचपीएस, राधेश्याम अठावाल, धनपतसिंह जांगडा, राजेद्र शेखावत, उद्योगपति फरीदाबाद, पीएन इंदोरिया राजगढ, जगदीश जांगिड़ पूर्व प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली, शिवकुमार आईटीओ जिंद, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा शेरसिंह जांगड़ा, मनोहरलाल चुनाव अधिकारी महासभा, हरिशंकर जांगिड, महेश जांगिड प्रदेश प्रवक्ता महासभा, राहुल शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, रोहिताश जांगिड राजनीति प्रकोष्ठ, हरिराम संपादक दीप विश्वकर्मा, पूर्व चुनाव अधिकारी महासभा नंदलाल खंडेला जयपुर रहे। चरणपाल, राजेंद्र शर्मा, सीताराम बरवाडिया, बीएस पालीवाल पूना, राजेश जांगिड़, राजेंद्र जांगिड, मनरूप जांगिड, बनवारीलाल, सुनील सिदड़, जगदीश जांगिड़, मूलचंद जांगिड, नथमल जांगिड, सीताराम जांगिड सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रधान रामपाल शर्मा ने संबंधित करते हुऐ कहा कि एनएल जांगिड समाज के उत्थान के लिए जो कार्यक्रम आयोजित करते रहते है। उसके लिए मैं इनको बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि ये समाज हित मे कार्य करते रहे।

# 'नाविक भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थी को शामिल करें'

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक अभ्यर्थी को इंडियन कोस्ट गार्ड द्वारा नाविक पद के लिए की जा रही भर्ती प्रक्रिया में शामिल किए जाने आदेश जारी कर गृह विभाग, रक्षा विभाग, इंडियन कोस्ट गार्ड व भर्ती विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले के अनुसार ढांढोत निवासी अभ्यर्थी विजय शर्मा ने एडवोकेट संजय महला के जरिए रिट याचिका दायर कर बताया कि नाविक भर्ती-2023 में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड द्वारा भर्ती के अगले आयोजित चरणों में अभ्यर्थी के भाग लेने पर रोक लगा दी थी। बहस में एडवोकेट संजय महला ने कहा कि अभ्यर्थी द्वारा लिखित परीक्षा पास करने के बाद अगले द्वितीय-चरण में भाग लेने के लिए उपस्थित हुआ। किंतु उसे बिना किसी उचित कारण के चयन प्रक्रिया से आउट कर दिया। उन्होंने निवेदन किया कि अभ्यर्थी को प्रक्रिया में शामिल किया जाए। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश सुदेश बंसल ने याचिका का अवलोकन करने व भारत सरकार के अधिवक्ता को सुनने के बाद अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया में शामिल करने के आदेश जारी कर अभ्यर्थी का परिणाम न्यायालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिए है।

# लोहिया स्कूल में सर्वोत्तम परिणाम देने पर शिक्षकों का सम्मान किया


लोहिया शिक्षण संस्थान में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

**चिड़ावा,** (निसं)। लोहिया शिक्षण संस्थान में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद विजय जुलूस भी निकाला गया जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए, टॉपर विद्यार्थियों के घर पहुंच कर उनके अभिवावको के सम्मान के साथ खत्म पूर्ण हुआ।

विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में कला वर्ग की छात्रा ज्योति वर्मा, पुत्री चंद्रप्रकाश वर्मा चिड़ावा ने 97.40 अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय और चिड़ावा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर, कीर्ति पुत्री रविदत शर्मा, देवरोड़ को 94.60, वेदांशी पुत्री संजय कुमार सूरजगढ़ को 94.60, प्रियांशी पुत्री अशोक, अजीतपुरा को 91.80, मुस्कान पुत्री राजेंद्र, लाम्बा गोठडा को 90.20, विनोद पुनिया पुत्री शेर सिंह, सेहीकला को 90.20, कंचन सैनी पुत्री सज्जन सैनी चिड़ावा 90, पायल सैनी पुत्री संजय सैनी 89.20 अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। विज्ञान वर्ग में चंचल पुत्री विजेंद्र गांव आर्य नगर ठिचोली की ढाणी, को 97.60, अंक प्राप्त करने पर और कॉमर्स टॉप करने पर आयुषी शर्मा, मेहाड़ा गुजरवास सहित 80 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 94 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। सर्वोत्तम परिणाम देने वाले शिक्षकों में कॉमर्स संकाय में कन्हैया लाठ, मनोज शर्मा, मुकेश वर्मा, कविता सोनी, अजय सिंह शेखावत, कला वर्ग में हवा सिंह यादव, राजकुमार अडूका, सुशील शर्मा, अमित शर्मा, शिव कुमार शर्मा, समता शर्मा, विमलेश जांगिड़, विकास शर्मा, विज्ञान वर्ग में प्रदीप सोनी, दिनेश जांगिड़, संदीप रोहिला, अनीता सागवान, रमेश शर्मा, राजकुमार घरड़ाना, धर्मेंद्र राव का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉमर्स हेड केएल लाठ ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था निदेशक जगपाल सिंह यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था चेयरमैन रामसिंह नेहरा ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद अशोक कुमार जांगिड़, नगरपालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बडेसरा, प्रिंसिपल प्रमोदिनी दुबे, प्रधानाचार्या प्रमिला झाझड़िया, चेयरपर्सन ममता नेहरा, सचिव प्रदीप नेहरा थे। विद्यालय का कला वर्ग का परिणाम भी कॉमर्स और विज्ञान की तरह शत प्रतिशत रहा। संस्था चेयरमैन राम सिंह नेहरा ने बताया कि चिड़ावा क्षेत्र की बेहतरीन मांग को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष से विद्यालय में नीट, जेईई के लिए फाउंडेशन कोर्स कोटा की टीम द्वारा संचालित किया जा रहा है।

# जीर्णोद्धार में भ्रष्टाचार का आरोप

**सुजानगढ़,** (निसं)। श्रीदुर्गादत फतेहपुरिया मातृ एवं शिशु चिकित्सालय के जीर्णोद्धार में बरती गई अनियमितता व गुणवता की कमी एवं भ्रष्टाचार की जांच की मांग करते हुए भाजयुमो ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा।

भाजयुमो अध्यक्ष अमित मौसूण के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में फतेहपुरिया अस्पताल के लोकार्पण समारोह में निजी मेडीकल स्टोर का बैनर लगा कर अपने मित्रों को लाभ पंहूचाने का आरोप पीएमओ पर लगाने के साथ ही जीर्णोद्धार में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच करवा कर दोषी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद मनोज पारीक, पार्षद दीनदयाल पारीक, विश्वदीपक काछवाल, हिमांशु भाटी, कमल दाधीच, सुरेश सोनी, नीरज बोचीवाल, राजेश सैन, दौलतराम सोनी, शिवभगवान चौहान, रविन्द्र पांडे, शाकिर खान बेसवा सहित अनेक भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़**

क्रमांक :- न.पा.रा./कृ.भू./2023/1063-1065 दिनांक 26.05.2023

प्रारूप-10

(नियम 6(7) देखिए)

-: लोक सूचना :-

श्री गोरीशंकर पुत्र श्री मोडुराम जाति कामड़ साकिन बिरकाली तहसील नोहर व ओमप्रकाश पुत्र टिकुराम जाति मेघवाल साकिन 4 एलसीए जेतपुर तहसील विजयनगर गंगानगर (राज) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला हनुमानगढ़ तहसील रावतसर | 08 केडब्ल्यूडी | प.न.155/ 405 (32) | किला संख्या 21/2 की 0.1140 है. 21/5 की 0.0380 है., 22/1 की 0.2280 है., 23/2 की 0.2280 है., 24/1 की 0.2280 है., 25/1 की 0.0250 है., किला 25/3 की 0.2030 है. कुल तादादी 1.0640 है., कुल तादादी 1.0640 है., यानि 10640 वर्ग मीटर |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 26.05.2023 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)


# युवती ने फांसी लगा आत्महत्या की

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ कस्बे में लिव इन में रह रही युवती के द्वारा लिव इन में रहने वाले युवक के द्वारा तंग परेशान कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में रात्रि को फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।

वहीं इस संबन्ध में मृतका का पिता ने राजगढ थाने में आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप का मामला दर्ज करवाया है। राजगढ थाने में दर्ज प्रकरण के अनुसार रामुराम निवासी मोमासर पुलिस थाना डूंगरगढ जिला बीकानेर ने शुक्रवार को इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि उसकी पुत्री ज्योति निवासी मोमासर की शादी पांच वर्ष पूर्व अजय उर्फ बंटी निवासी हांसी के साथ की थी, आज से लगभग चार माह पहले मोहम्मद मुजाहिद काजी निवासी राजगढ ने उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर हांसी से राजगढ लेकर आया गया व अपने साथ लिव इन में रखने लग गया। तथा 25 मई को उन्हें सूचना मिली कि ज्योति ने अपने कमरे में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

# प्रेक्षक संभाग व्यास ने शिविर का निरीक्षण कर पट्टा वितरण लक्ष्य की सराहना की


राजगढ पालिका के निरीक्षण के दौरान पात्र लोगों को पट्टे वितरित करते मनमोहन व्यास, प्रेक्षक संभाग बीकानेर व चेयरमैन रजिया गहलोत।

**सादुलपुर,** (निसं)। मुख्यमंत्री राजस्थान राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान एवं मंहगाई राहत शिविर अन्तर्गत नगरपालिका राजगढ के द्वारा आयोजित शिविर का गुरूवार शाम को मनमोहन व्यास, प्रेक्षक संभाग बीकानेर द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रेक्षक द्वारा नगरपालिका राजगढ में पट्टों का लक्ष्य तीन हजार से अधिक पट्टे वितरण किये जाने पर सराहना की गई।

साथ ही कैंप की सम्पूर्ण मौका स्थिति देखने एवं समस्त स्टाफ की कैंप में उपस्थिति रहने पर प्रशंसा जाहिर की गई। तथा पत्रावलियों का निरीक्षण करने पर पत्रावलियों की स्थिति औचित्यपूर्ण पाई जाने पर संतुष्टी प्रकट की गई। उक्त शिविर स्थल पर आयोजित कैंप में मनमोहन व्यास, प्रेक्षक संभाग बीकानेर, रजिया गहलोत अध्यक्ष न.पा. राजगढ, प्रियंका बुडानिया अधिशाषी अधिकारी न.पा. राजगढ, नियाज मोहम्मद सेवानिवृत ए.एस.पी., पार्षद गोरधन नाई, सुलेमान (पार्षद प्रतिनिधि), पार्षद हैदर अली, हबीब खां भाटी पूर्व वाईस चेयरमैन, नदीम नारनौली (पार्षद प्रतिनिधि), पार्षद राजेन्द्र पटीर, मनोनीत पार्षद रोहताश जोईया, सतार अली तैली (पार्षद प्रतिनिधि), शंकर सिंह राठौड, पार्षद मनीराम गनोलिया सहित समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

# पानी निकासी नहीं होने पर पार्षद ने पुल बनाया

**सुजानगढ़,** (निसं)। शहर के वार्ड 49 की पार्षद व नगरपरिषद की नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच ने गली में पानी निकासी नहीं होने पर अस्थाई पुल बनाकर वार्डवासियों की समस्या का समाधान कर अनूठा उदाहरण पेश किया है।

उसी गली में वार्ड के श्याम स्वर्णकार की माता जी का स्वर्गवास हुए दस दिन हो गए तथा तीन दिनों से उनके घर के आगे बरसाती पानी का जमावडा हो रखा है। जिसके कारण उनके घर शोक संवेदना व्यक्त करने जाने वालों को बरसाती पानी से गुजरना पड रहा है। वहीं इन दिनों में होने वाली पूजा सहित अन्य कार्यो के लिए शोक संतप्त परिवार को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। नगरपरिषद प्रशासन द्वारा हाथ खडे करने के बाद नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच एवं उनके पति भाजपा नेता कमल दाधीच ने भवन निर्माण में काम आने वाले लोहे के पाइपों एवं प्लेटों से करीब 100 फीट लम्बा पूल बना दिया। इसके बाद से शोक संतप्त श्याम स्वर्णकार एवं उनके परिवार को दिलासा देने के लिए मौहल्ले के लोगों के साथ ही रिश्तेदारों की आवाजाही आसान हुई।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवकील श्री राम बगडीया पुत्र स्व. श्री धनसुख राय, निरंजन कुमार पुत्र प्रेमचन्द बगडीया, गायत्री देवी पत्नी स्व. नन्दलाल बगडीया, चन्दा देवी अग्रवाल पुत्री स्व. नन्दलाल बगडीया पत्नी रमेशचन्द्र अग्रवाल, पवन कुमार बगडीया पुत्र स्व. नन्दलाल बगडीया सभी जाति अग्रवाल सभी मूल निवासी जसवन्तगढ़ तहसील लाडनूं जिला नागौर जिनकी तमाम कृषि भूमियां (खेत) रोही जसवंतगढ़ तहसील लाडनूं जिला नागौर में स्थित है तथा मकान व दुकाने व अन्य अचल सम्पतियां जो जसवंतगढ़ में स्थित है, जिनका मुझ प्रार्थी को मुख्यार कर रखा है। उपरोक्त मुवकील की समस्त सम्पति मेरी देख-रेख सार-संभाल में है। यदि कोई मेरी सहमति/अनुमति के बिना उपरोक्त व्यक्तियों की कृषि भूमि, दुकान, मकान क्रय करता है/सौदा करता है, इकरारनामे पर हस्ताक्षकर करता है, तो वह गलत है और गैर कानूनी है। उनके विरूद्ध आपराधिक सिविल ओर राजस्व कार्यवाही की जायेगी। उसकी संपूर्ण जिम्मेवारी बेचने व खरीददार की होगी एवं समस्त प्रकार के हर्जे-खर्चे की भी जिम्मेवारी होगी।

दिनांकः- 26.05.2023

भवदीय मार्फत

चन्दनमल पुत्र स्व. गंगाजल जैसनसरिया जाति अग्रवाल निवासी सरदारशहर जिला चूरू राजस्थान, मुख्यार आम श्री राम बगडीया आदि


# विधायक ने लालगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास किया


सुजानगढढ़के ग्राम लालगढ़ में सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र का शिलान्यास करते विधायक मनोज मेघवाल व अतिथि।

**सुजानगढ़,** (निसं)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत लालगढ में नव स्वीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का विधायक मनोज मेघवाल ने शिलान्यास किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए विधायक मनोज मेघवाल ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा 5.50 करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान पूसाराम गोदारा, पूर्व देहात अध्यक्ष विद्याधर बेनीवाल, पूर्व प्रधान गणेश ढाका, अंकित पुजारी, सरपंच संतोष कंवर, मोती सिंह सहित अन्य सरपंच कांग्रेस कार्यकर्ता और काफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। विधायक ने ग्राम पंचायत ईयारा में प्रशासन गांवों के संग अभियान तथा महंगाई राहत शिविर में शिरकत की। विधायक ने बताया कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना का दायरा 25 लाख रुपये तक बढा दिया है तथा दुर्घटना बीमा 10 लाख रुपये तक कर दिया गया है परंतु इस योजना का लाभ उन्हें ही मिलेगा जो चिरंजीवी कार्ड बनाएंगे या खाद्य सुरक्षा से जुडे हुए होंगे।

विधायक ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी की गई सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए जनाधार आवश्यक है। राज्य सरकार द्वारा जारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी को बढ-चढकर शिविरों में उपस्थित रहना है। विधायक ने शिविर के माध्यम से आमजन को राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विधायक ने आमजन से कहा कि अधिक से अधिक इन शिविरों में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ उठाएं।


**कार्यालय संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, चूरू**

Phone No. 01562-294-237 E-mail ID: jd.churu.ahd@rajasthan.gov.in

क्रमांक :-एफ.वी./()/प.स.स्त.नंदी./2023-24/2370 दिनांक 26.05.2023

**निविदा सूचना**

UBN NO. ANH2324WSOB00070

माननीय मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अन्तर्गत चूरू जिले की तारानगर, राजगढ़ एवं बीदासर पंचायत समिति स्तर पर पंचायत समिति स्तरीय नंदीशाला की स्थापना हेतु संस्था का चयन एवं आधारभूत सरंचनाओं के निर्माण हेतु कस्ट्रक्शन कार्य किये जाने के लिए निविदा प्रस्ताव दिनांक 13.06.2023 को सांय 05.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। जिसकी विस्तृत सूचना http://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://gopalan.rajasthan.gov.in पर या किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में इस कार्यालय में देखी जा सकती है।

| विवरण | अनुमानित अधिकतम राशि | प्रतिभूति राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | प्रस्तावित निविदा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | निविदा फार्म डाउनलोड प्रारंभ करने /प्राप्त करने की दिनांक व समय | ऑफ लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
| नंदीशाला संचालन एवं नंदीशाला में आधारभूत परिसम्पतियों का निर्माण कार्य हेतु संस्था के चयन बाबत निविदा प्रस्ताव | 157.00 लाख रूपये प्रति नंदीशाला | सभी आवेदक संस्थाओं को बोली प्रतिभूति घोषणा पत्र निर्धारित प्रपत्र में जमा की जानी आवश्यक होगी | रू. 1000 /- | 25.05.2023 को प्रातः 10.00 बजे से | 13.06.2023 को सांय 05.00 बजे तक | 14.06.2023 को दोपहर 12.00 बजे |

(डॉ. मेवाराम)

संयुक्त निदेशक एवं सदस्य सचिव

जिला गोपालन समिति, चूरू